राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | धनबाद, बुधवार 21 अगस्त 2024 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष 02, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 133 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## ब्रीफ खबरें

### उपेन्द्र हत्याकांड में बंटी गोडविन ने मांगी जमानत

**धनबाद :** रिकवरी एजेंट उपेंद्र सिंह की हत्या करवाने के नामजद आरोपी गैंग्स ऑफ़ वासेपुर के बंटी खान एवं गोडविन खान ने मंगलवार को सेशन कोर्ट में जमानत की अर्जी दायर की है. दोनों की जमानत अर्जी पर बुधवार को सुनवाई हो सकती है. ट्रायल कोर्ट ने 31 जुलाई 24 को दोनों की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी. एक फरवरी 23 को पीके राय मेमोरियल कॉलेज के पास गोली मारकर कर उपेंद्र सिंह की हत्या कर दी गई थी1 उपेन्द्र की पत्नी ने चचेरे देवर पिंटू सिंह, सिंटू सिंह, प्रिंस खान, गॉडविन खान और केंदुआ के राजेश चौहान सहित अन्य पर हत्या का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी.

### गिरिडीह सांसद प्रतिनिधि की तबीयत बिगड़ी

**टुंडी।** टुंडी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता सह जिला सांसद प्रतिनिधि रामप्रसाद महतो की अचानक तबीयत बिगड़ गई. उन्हें सांस लेने में तकलीफ हो रही थी.आनन-फानन में परिजनों ने उन्हें धनबाद स्थित जालान अस्पताल में भर्ती कराया. जहां वे इलाजरत हैं. महतो गिरीडीह सांसद के जिला सांसद प्रतिनिधि हैं. मंगलवार को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई. उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही थी. अभी उनकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है.

### वाशरी डिवीजन में जागरुकता अभियान

**धनबाद ।** बीसीसीएल के वाशरी डिवीजन में मंगलवार को जागरुकता अभियान की शुरूआत हुई .कार्यक्रम की शुरुआत कोल इंडिया गीत से हुई. इस दौरान भ्रष्टाचार उन्मूलन की शपथ दिलाई गई. जीएम वाशरी डिवीजन एम सोहेल इकबाल, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक निर्मला किरण, मुख्य सतर्कता अधिकारी सुबोध कुमार मौजूद थे. वाशरी डिवीजन के जीएम मोहम्मद सोहेल ने बताया की भ्रष्टाचार को दूर करने में सभी को कदम में कदम मिलाकर चलना होगा.

### कोलडंप चालू करने की मांग करेंगे असंगठित मजदूर

**कतरास।** असंगठित मजदूरों ने सिजुआ स्टेडियम में मंगलवार को बैठक कर एक स्वर से कहा कि विगत 6 माह से डीओ उठाव ठप रहने के कारण बारह सौ असंगठित मजदूरों के समक्ष रोजी रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है. स्थिति को देखते हुए एक बार फिर कोलडंप चालू करने की मांग की जाएगी. असंगठित मजदूरों को सांसद ढुल्लू महतो ने भी समर्थन दिया है. उन्होंने कहा कि मजदूर आपस में एकता बनाए रखें. निश्चित रूप से डंप चालू होगी. असंगठित मजदूर प्रतिनिधियों ने कहा कि डंप से जुड़े क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा. मौके पर छोटू रवानी, गोविन्द चौहान, दीपक श्रीवास्तव, दिनेश पासवान, प्रीतम कुमार, अभिषेक यादव, सीरिया भुईयां, सोनू साव, छोटू कुमार समेत अन्य असंगठित मजदूर उपलब्ध थे.

## विधायक राज सिन्हा के तीन घंटे के धरने के बाद हरकत में आया निगम

# नाली के गंदे पानी में ही धरने पर बैठे विधायक

- नगर आयुक्त ने स्थायी समाधान का दिलाया भरोसा
- स्थायी समाधान न निकला तो करेंगे आंदोलन : राज सिन्हा

संवाददाता। धनबाद

धैया स्थित रानीबांध तालाब के सामने से मंडल बस्ती की ओर जाने वाली सड़क पर जल जमाव की बदतर स्थिति से परेशान बस्ती के लोगों के साथ गंदे पानी के जमाव के बीचों-बीच विधायक राज सिन्हा धरने पर बैठ गए. तीन घंटे बाद नगर निगम हरकत में आ गया और नगर आयुक्त रविराज शर्मा सहित कई निगम कर्मी धरना स्थल पहुंच गए. नगर आयुक्त की मौजूदगी में तत्काल पानी की निकासी कराई गई. साथ ही नगर आयुक्त ने आश्वासन दिया कि जलजमाव का स्थायी समाधान कर लिया जाएगा.



**दो साल से जलजमाव से जूझ रहे बस्ती के लोग :** विधायक राज सिन्हा ने बताया कि यहां पिछले 2 सालों से बरसात के दिनों में जलजमाव की परेशानी से स्थानीय लोग ग्रसित हैं. बावजूद इसके अधिकारी सजग नहीं हैं. सप्ताह भर बाद में पुनः उपायुक्त के साथ बात कर कार्य कि प्रगति पर चर्चा कर समस्या के स्थाई रूप से समाधान के लिए बात करेंगे. अगर जल्द ही इसका स्थाई समाधान नहीं निकाला गया तो पुनः आंदोलन करेंगे. मौके पर मंडल बस्ती के प्रभावित लोगों का प्रतिनिधित्व कर रहे भाजपा बरटांड मंडल के अध्यक्ष किशोर मंडल, राजकुमार मंडल, जगबंधु मंडल, पूर्व पार्षद प्रफुल मंडल, देवेन मंडल, रंजन हलदार, संपा हलदार, मनोज सिंह, मुकुर सुराल, भोला हलदार, नारायण हलदार, तरुण सरकार, रुपाली हलदार, नितली हलदार, सुशांतो डे, प्रभु डे, बिमल दत्ता, तुलसी हलदार, राजा राम दत्ता, साधना हलदार, राजेश मंडल, अमरजीत कुमार, बेबी यादव, शम्भू सिंह, शम्भू सिंह, राणा सिंह, टुन्ना सिंह, पंकज सिन्हा, संजीत सिंह, अमित सिंह, प्रमोद अग्रवाल, रिंकू सिन्हा, सत्येंद्र ओझा, विष्णु सिंह सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे.

### जूता उतार कर पानी में उतरे नगर आयुक्त, फिर हुई विधायक से वार्ता

मंगलवार की सुबह करीब 9 बजे सत्याग्रह प्रारम्भ होने के 3 घंटों के बाद लगभग दोपहर 12 बजे नगर निगम आयुक्त रविराज शर्मा धरना स्थल पहुंच गए. पानी के बीचोबीच धरने पर बैठे विधायक से वार्ता करने नगर आयुक्त जूता खोलकर खाली पैर पानी मे उतर कर उनके पास गए. पास जाकर नगर आयुक्त ने पानी निकासी प्रारम्भ होने के बाद समस्या का जल्द स्थाई समाधान का भरोसा दिलाते हुए विधायक राज सिन्हा के आंदोलन को समाप्त कराया.

### तत्काल वैकल्पिक रास्ते को खोला जाए : विधायक

विधायक राज सिन्हा ने कहा नगर आयुक्त के समक्ष कहा कि जब तक स्थाई समाधान नहीं हो जाता है. तब तक पुराना रास्ता जो मणीन्द्र नाथ मंडल द्वार से दुर्गा मंदिर होते हुए धैया स्थित रानी बाँध के पास आईएसएम गेट से होते हुए निकलता है. उसे वैकल्पिक रास्ते के तौर पर स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए खोला जाये. इस पर नगर आयुक्त ने विधायक को आश्वस्त किया कि उपायुक्त के साथ बैठक में आईएसएम के डायरेक्टर के साथ वार्ता कर इस वैकल्पिक रास्ते को चालू करेंगे. सिम्फर के पास मिलाई जाने वाली नाली की योजना को धरातल पर उतारें या बड़े शहरों कि तर्ज पर सड़क के नीचे बड़े-बड़े अंडरग्राउंड सीवरेज के ऊपर से सड़क भी होती हैं. ऐसी योजनाओं के लिए कंसलटेंट बुलाकर समस्या का समाधान करने का प्रयास करें. सभी बिंदुओं पर विचार कर धरातल पर उतारने का प्रयास करने का सकारात्मक आश्वासन नगर आयुक्त ने विधायक राज सिन्हा को दिया.

# पांचवें दिन भी ओपीडी सेवा बंद, हड़ताल बनी मुसीबत

अस्पताल प्रबंधन व डाक्टरों के बीच नहीं हो पा रही सार्थक वार्ता

**खास बातें**

- आपरेशन के इंतजार में 40 मरीज
- ओपीडी से हर दिन लौट रहे सैंकड़ों

संवाददाता। धनबाद

कोलकाता में जूनियर डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के विरोध में धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल पांचवें दिन भी जारी है, लगातार पांचवें दिन जारी हड़ताल से मरीजों की परेशानी बढ़ गई है. ओपीडी सेवा ठप होने से दर्जनों मरीज बैरंग लौट रहे हैं. सामान्य ऑपरेशन भी नहीं हो पा रहे हैं. हड़ताल के कारण अस्पताल में मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है, लेकिन उन्हें उचित इलाज नहीं मिल पा रहा है. ओपीडी में औसतन 1200 मरीज आते हैं, लेकिन हड़ताल के कारण वे परेशान हो रहे हैं. प्रतिदिन 10-15 मरीजों का ऑपरेशन होता है. करीब 40 मरीजों की ऑपरेशन नहीं हो पा रहा है. सामान्य ऑपरेशन के लिए 10-15 दिन बाद की तारीखें मिल रही हैं, जिससे मरीजों की परेशानी और बढ़ गई है. इमरजेंसी और आईसीयू में सेवाएं जारी हैं, लेकिन ओपीडी की हड़ताल से मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है. अस्पताल प्रशासन ने मरीजों से सहयोग करने की अपील की है. अस्पताल प्रशासन और जूनियर डॉक्टरों के बीच बातचीत के प्रयास जारी हैं, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकल पाया है. मरीजों के परिजनों ने बताया कि हड़ताल के कारण कई मरीजों की स्थिति गंभीर है, लेकिन उन्हें उचित इलाज नहीं मिल पा रहा है. अस्पताल प्रशासन से उन्होंने अपील की है कि हड़ताल को जल्द से जल्द समाप्त किया जाए, ताकि मरीजों को उचित इलाज मिल सके.



### पेट में हो रहा दर्द

ओपीडी में पर्ची काटने के लिए इंतजार कर रही बेकारबांध की महिला ने बताया कि वह गर्भवती है .उसके पेट में दर्द हो रहा है. डॉक्टर को दिखाने के लिए आए थे. लेकिन यहां आने के बाद पता चला कि डॉक्टरों का हड़ताल है. ऐसे में यहां से बैरंग लौट रहे हैं.

### ऑपरेशन के लिए मिली थी तारीख : राकेश

टुंडी निवासी राकेश मोहली ने बताया कि उनके भाई के पथरी का ऑपरेशन होना है. हड़ताल से पहले ओपीडी में भी दिखाया था. 20 अगस्त को बुलाया था, लेकिन हड़ताल के कारण उनका अस्पताल में आपरेशन नहीं हो सका. दर्द उठने पर पूरा परिवार परेशान हो जाता है.

### होना है आपरेशन, परेशान हैं : मोहन

निरसा निवासी मोहन दास के परिजन ने बताया कि हमारे परिवार के सदस्य को ऑपरेशन के लिए भर्ती होना था, लेकिन हड़ताल के कारण क्या करें, ये समझ नहीं पा रहे हैं. डॉक्टरों की हड़ताल से हमारे मरीज की स्थिति और खराब हो रही है. हम अस्पताल प्रशासन से अपील करते हैं कि हड़ताल को जल्द से जल्द समाप्त किया जाए, ताकि हमारे परिवार के सदस्य को उचित इलाज मिल सके.

### कान का करना था आपेरशन : राजीव

बलियापुर निवासी राजीव कुमार ने बताया कि कान में परेशानी होने पर 10 दिन पहले दिखाया था. यहां डॉक्टरों ने छोटा सा ऑपरेशन करने की बात कही थी लेकिन हड़ताल हो गया. हड़ताल खत्म होने का इंतजार है. हड़ताल टूटने के बाद आपरेशन कराएंगे.

## कांग्रेसियों ने निकाली सद्भावना यात्रा




**राजीव गांधी जयंती**

संवाददाता। धनबाद

राजीव गांधी की 80 वीं जयंती के अवसर पर धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में 2 किमी की सद्भावना यात्रा का आयोजन किया गया. यात्रा जिला परिषद मैदान से प्रारंभ होकर श्रमिक चौक रांगाटांड़ तक पहुंची. कांग्रेस कार्यकर्ताओं अपने हाथ में तिरंगे झंडे के साथ नारे लगा रहे थे. सद्भावना यात्रा कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, वरीय कांग्रेस नेता बजेंद्र सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी, मदन महतो, शमशेर आलम, सहित जिलानी प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी, कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए.

## सूचना क्रांति के जनक थे राजीव गांधी

संवाददाता। धनबाद

कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह आवासीय कार्यालय में अनुपमा सिंह के निर्देशानुसार भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय स्वर्गीय राजीव गांधी जी का 80 वां जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया. इस अवसर पर संगोष्ठी भी आयोजित की गई. इस दौरान कांग्रसियों ने जाति, धर्म, क्षेत्र या भाषा की परवाह किए बिना राष्ट्र के सभी लोगों की भावनात्मक एकता और सद्भाव के लिए तथा हिंसा का सहारा लिए बिना संवाद और संवैधानिक साधनों के माध्यम से मतभेदों को हल करने की शपथ ली. फिर राजीव गांधी की चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी. कार्यक्रम में मुख्य रूप से धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष मुख्तार खान, जिला उपाध्यक्ष अक्षयवर प्रसाद, इंटक नेता संतोष कुमार सिंह, कांग्रेस नेता नयन चक्रवर्ती इम्तियाज झरिया यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष रवि सिंह, राजू, हारू आदि सैंकड़ों लोग थे.

## जेएनवी कोडरमा की छात्राओं ने आईआईटी-आईएसएम का किया दौरा

**खास बातें**

- करियर की संभावनाओं के बारे में ली जानकारी
- महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाना है : मधुलिका गुप्ता

संवाददाता। धनबाद

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालया (जेएनवी) कोडरमा की 100 से अधिक छात्राओं ने मंगलवार को आईआईटी-आईएसएम का दौरा कर अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं को देखा. इस दौरान छात्राओं ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) में करियर की संभावनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की. छात्राएं आईआईटी-आईएसएम के दौरे पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) की विज्ञान ज्योति योजना के तहत आई थीं. दौरे का उद्देश्य एसटीईएम में महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व में सुधार करना है.

आईआईटी-आईएसएम के उप निदेशक प्रोफेसर धीरज कुमार ने कहा कि विकसित देशों में एसटीईएम शिक्षा का योगदान अधिक है, जैसे अमेरिका में एसटीईएम शिक्षा का योगदान लगभग 65% है. प्रोफेसर पार्थसारथी दास ने कहा कि लड़कियों के शिक्षित होने पर पूरा राष्ट्र तेज गति से प्रगति करेगा. आईआईटी-आईएसएम में विज्ञान ज्योति कार्यक्रम की नोडल अधिकारी प्रोफेसर मधुलिका गुप्ता ने कहा कि विज्ञान ज्योति अनूठा कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य एसटीईएम में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाना है.

## सड़क दुर्घटना में पांच जख्मी, चार रेफर

**गावां।** गावां-पटना पुल पर एक बाइक सवार किशोर ने पैदल जा रहे 4 राहगीर को ठोकर मार दी. घटना में बाइक सवार किशोर समेत 5 लोग जख्मी हो गए. घटना के बाद सभी को गावां अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया, जहां बेहतर इलाज के लिए बाइक सवार किशोर समेत 4 लोगों को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया. गावां के बसांटांड़ निवासी मो फियाज (35) वर्ष, मो मिनाझ 40 (वर्ष), मो महबूब (45) वर्ष, मो इलियास (50) वर्ष सभी अपने घर से पटना में एक पार्टी समारोह में भाग लेने के लिए पैदल जा रहे थे . इसी बीच गावां निवासी विक्की कुमार (15) वर्ष पिता सुरेंद्र सिंह पटना से बाइक पर सवार होकर गावां जाने के दौरान पुल पर अनियंत्रित होकर उक्त पैदल जा रहे लोगों को जोरदार ठोकर मार दी, जिससे सभी लोग पुल पर गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गए .

# सीबीआई अधिकारी पर फायरिंग मामले में एलबी सिंह हाजिर

**खास बातें**

- कोर्ट में ठीकेदार एलबी सिंह ने खुद को कहा बेकसूर
- 12 साल पुराना है मामला, ठेका कार्यों की जांच को गई थी टीम

संवाददाता। धनबाद

कुसुंडा एरिया के आदर्श नगर शिमला बहाल में सड़क के मापी के लिए पहुंचे बीसीसीएल व सीबीआई अधिकारियों पर दहशत फैलाने के उद्देश्य से फायरिंग करने के एक मामले में चर्चित ठेकेदार एलबी सिंह उनके भाई कुंभनाथ सिंह,भारत सिंह, ओम प्रकाश सिंह एवं मिथिलेश सिंह मंगलवार को अदालत में हाजिर हुए. धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह की अदालत में सभी आरोपियों का सफाई बयान दर्ज किया गया1 कोर्ट को दिए बयान में सभी आरोपियों ने खुद को निर्दोष बताया तथा झूठे मुकदमे में फंसाए जाने की बात कही. अदालत ने मामले में बहस के लिए 29 अगस्त 2024 की तारीख निर्धारित की है. प्राथमिकी कुसुंडा एरिया नंबर छह के कनीय अभियंता विनय कुमार ठाकुर की शिकायत पर झरिया थाने में 30 जून 2012 को दर्ज की गई थी.

प्राथमिकी के मुताबिक सीबीआई धनबाद में बीसीसीएल अधिकारियों को बीसीसीएल के 26 कार्यस्थल का निरीक्षण करने का निर्देश दिया था. आदेश के आलोक में एक टीम का गठन किया गया था. टीम में मुख्य प्रबंधक आरपी सिंह, प्रबंधक डीके सिंह, विमल प्रसाद पाठक इंजीनियर ,डीएन सिंह इंजीनियर, एसके झा सीबीआई इंस्पेक्टर, मुख्य प्रबंधक सिविल विजलेंस बीएन कुमार शामिल थे. जो कार्य स्थल का निरीक्षण एवं मापी करने के लिए आदर्श नगर शिमला बहाल शिव मंदिर के पास पहुंचे थे. जैसे ही वहां इन लोगों के द्वारा मापी कार्य शुरू किया गया. कॉलोनी की ओर से चार-पांच युवक गोली चलाते हुए आए और फायरिंग करने गले. साथ ही गाली गलौज करते हुए वहां से भाग गए.प्राथमिकी में आरोप था कि उक्त सभी 26 कार्य ठीकेदार डीके सिंह को आवंटित किया गया था.जिसका देखरेख ठीकेदार कुंभनाथ सिंह कर रहे थे.

## पोक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

**गांडेय (गिरिडीह)।** गांडेय थाना पुलिस ने अपने क्षेत्र के गिरनिया गांव से सोमवार की रात को पोक्सो एक्ट का एक आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार को गिरिडीह जेल भेज दिया. गिरफ्तार आरोपी बिहार के बांका जिला के बांका थाना क्षेत्र के मतडीहा गांव निवासी 32 वर्षीय बंगटू सिंह है. बता दें कि गांडेय थाना में उसके खिलाफ 100/20 के तहत पोक्सो एक्ट का मामला दर्ज किया गया था. आरोपी पिछले चार साल से फरार चल रहा था. पुलिस कई बार उसके घर बिहार में भी छापा मारने पहुंची थी, लेकिन पुलिस को सफलता प्राप्त नहीं मिली थी. सोमवार को गांडेय थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी गिरनिया गांव अपने साढ़ू पंचानन सिंह के घर पहुंचा हुआ है, जिसके बाद पुलिस ने उसे सोमवार की रात को गिरफ्तार कर लिया.

## धनबाद के दो लाख 60 हजार महिलाओं को मिलेगा मंइयां योजना की पहली किस्त

# मंईयां योजना को लेकर फर्जी कॉल से बचें : सीएम

**खास बातें**

- राशि से संबंधित कॉल आने पर जानकारी साझा ना करें
- ओटीपी या बैंक खाते की जानकारी किसी को न दें

संवाददाता। धनबाद

धनबाद जिला प्रशासन ने मंइयां योजना को लेकर प्रेस बयान जारी किया है. इसमें कहा है कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए निबंधित महिलाओं को राशि हस्तांतरण से संबंधित आ रहे कॉल को गंभीरता से लिया है. इस संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा, झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के संदर्भ में सूचना आ रही है कि कई लाभुकों के मोबाइल नंबर पर योजना को लेकर कॉल आ रहे हैं, जो पूरी तरह से फर्जी है. इसलिए योजना के तहत निबंधित बहन-बेटियों से आग्रह किया है कि योजना के संदर्भ में या राशि हस्तांतरण से सम्बन्धित कॉल आने पर ओटीपी या अपने बैंक खाते से संबंधित जानकारी कॉल करने वाले के साथ साझा नहीं करें. झारखण्ड सरकार इस योजना को लेकर किसी तरह का कॉल नहीं कर रही है. अतः आप सभी सतर्क रहें और ऐसे कॉल आने पर अपने बैंक खाता की जानकारी नहीं दें. तेजी से बढ़ रहे ऑनलाइन फ्रॉड से बचना बहुत जरूरी है. कई लोग मैसेज या कॉल करके फ्रॉड कर रहे हैं. एसएमएस, व्हाट्सएप, मेल या टेलीग्राम के जरिये भी मैसेज आ सकते हैं, इसलिए आप सभी से आग्रह है सावधान रहें.



### आज से बैंक खाते में राशि ट्रांसफर की प्रक्रिया होगी शुरू

**धनबाद।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत धनबाद जिले में अब तक तीन लाख के करीब महिलाओं का रजिस्ट्रेशन हो चुका है. जिला कल्याण पदाधिकारी नियाज अहमद ने बताया कि योजना की पहली किस्त ट्रांसफर करने की तैयारी की जा रही है. योजना की पहली किस्त में दो लाख 60 हजार महिलाओं के खाते में एक हजार रुपये की राशि ट्रांसफर होगी. उन्होंने बताया कि दो लाख 60 हजार महिलाओं के खाते में पैसे ट्रांसफर करने की शुरुआत बुधवार से कर दी जाएगी. धीरे-धीरे सभी के खाते में पैसे जाएंगे .बताया कि बाकी बची महिलाओं को सितंबर महीने से सम्मान राशि मिलनी शुरू हो जाएगी.

हजारीबाग में मुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हजारीबाग में इसकी शुरुआत करने वाले हैं. तिथि को लेकर अभी तक स्थिति फिलहाल तक साफ नहीं हुई है. जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि संभवत: 22 अगस्त को मुख्यमंत्री का कार्यक्रम हजारीबाग में हो सकता है. जहां हजारीबाग प्रमंडल अंतर्गत सभी जिलों के लाभुकों के खाते में मंइयां योजना की राशि भेजने की शुरुआत की जाएगी.

## डीसी की जनता दरबार में कई मामलों की शिकायत

**धनबाद।** उपायुक्त माधवी मिश्रा के कार्यालय कक्ष में मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया. जनता दरबार में लोको बाजार, गोमो से आई एक महिला ने उपायुक्त को बताया कि उनके पैतृक घर के पास एक व्यक्ति ने जमीन खरीदी है. उस जमीन पर जाने के लिए वह महिला की जमीन से जबरन रास्ता मांग रहा है. जब 16 अगस्त को महिला ने इसका विरोध किया तो उस व्यक्ति ने महिला के साथ मारपीट की. बीच बचाव करने आए महिला के बेटा और बेटी से भी मारपीट की. इसकी शिकायत लेकर जब हरिहरपुर थाना पहुंची तो थाना से उसे कोई सहयोग नहीं मिला. वहीं बरोरा एरिया के रहने वाले व्यक्ति ने उपायुक्त को बताया कि जमीन अधिग्रहण के तहत बीसीसीएल ने उनका घर तोड़ दिया है. घर तोड़ने के बाद न मुआवजा दिया न ही नियोजन मिला.

# उपायुक्त ने लिया सिविल कोर्ट की सुरक्षा का जायजा



संवाददाता। धनबाद

उपायुक्त माधवी मिश्रा ने मंगलवार की देर शाम सिविल कोर्ट परिसर का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन के साथ सिविल कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया. इस क्रम में सिविल कोर्ट के प्रवेश व निकास द्वार, चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट कोर्ट के प्रवेश व निकास द्वार, मंडल कारा की ओर जाने वाले मार्ग, वॉच टावर सहित अन्य स्थानों का निरीक्षण किया. साथ ही कोर्ट परिसर की सुरक्षा के लिए तैनात सुरक्षाकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए. इस दौरान सिटी एसपी अजीत कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, डीपीआरओ सुनिल कुमार सिंह के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे.

## बीबीएमकेयू के कुलपति से मिले जलेश्वर

संवाददाता । कतरास



पूर्व मंत्री सह झारखंड प्रदेश कॉंग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा अनावरण, विश्वविद्यालय के अप्रोच रोड, विश्वविद्यालय में खोरठा व अन्य विषयों में स्नातकोत्तर की पढ़ाई प्रारंभ व अन्य मांगों को लेकर बिनोद बिहारी महतो के कुलपति प्रो. (डॉक्टर) राम कुमार सिंह से की मुलाकात की. मौके पर कुलपति ने बिनोद बाबू की प्रतिमा का अनावरण 23 सितंबर 2024 को करने तथा अन्य मांगों पर सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया. मौके पर बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. डीके. सिंह, डॉक्टर कृष्ण मुरारी, डॉक्टर जितेंद्र आर्यन, डॉ. उमेश कुमार, डॉक्टर मुनमुन शरण, डॉ अजय कुमार, डॉ आर एस. पॉल, डॉक्टर कल्पना प्रसाद, डॉक्टर राजेश कुमार एवं विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षकों द्वारा जलेश्वर महतो को अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया. उक्त अवसर पर असलम मंसूरी, विकास सिंह, संजय जयसवाल, राहुल चौहान, हैदर अली, मुकेश सिंह, सिबलु पठान, अजय पासवान व अन्य लोग उपस्थित थे.

## राजीव गांधी की मनाई गई जयंती

संवाददाता । चिरकुंडा



भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की जयंती चिरकुंडा के तालडांगा हाउसिंग कॉलोनी में आरसीएमएस के केन्द्रीय अध्यक्ष सह वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुरेश चंद्र झा के आवासीय कार्यालय में मनाई गई. इस अवसर पर सुरेश चंद्र झा समेत अन्य कांग्रेसियों ने राजीव गांधी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए. मौके पर मो. अमिरूल्लाह, नागेन्द्र कुमार सिंह, शशि भूषण नाथ तिवारी, निशिकांत मिश्रा, महादेव मिश्र, विनय कुमार सिंह, मंतोष यादव, परमानंद सिंह, भोला दास, जीतेन्द्र मिश्रा समेत दर्जनों अन्य कांग्रेसी मौजूद थे.

## बीसीसीएल : प्रतिदिन उत्पादन रिपोर्ट

| एरिया | | कोल | ट्रांसपोर्ट |
|---|---|---|---|
| बरोरा | - | 15,502 टन | 14,387 टन |
| ब्लॉक-2 | - | 14,207 " | 15,203 " |
| गोविंदपुर | - | 1,232 " | 2,440 " |
| कतरास | - | 6,525 " | 4,962 " |
| सिजुआ | - | 7,012 " | 3,920 " |
| कुसुंडा | - | 11,513 " | 7,775 " |
| पंजाब | - | 468 " | 5,705 " |
| बस्ताकोला | - | 11,550 " | 0 " |
| लोदना | - | 10,050 " | 0 " |
| ईजे | - | 10,010 " | 0 " |
| सीवी | - | 1,600 " | 0 " |
| डब्ल्यू जे | - | 510 " | 0 " |
| कुल | | 90,179 | 54,392 |

### ब्रीफ खबरें

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**कालूबाथान।** आसनसोल रेल मंडल के कालूबाथान वह कुडकुड़ी रेलवे ब्रीज के बीच मंगलवार को अप लाइन पर एक लगभग 35 वर्षीय अज्ञात युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मृत्यु हो गई है. पोल संख्या 244/17 व 244/20 के बीच युवक का सर धड़ से अलग हो गया. शव अद्र्धनग्न अवस्था में पड़ा था. सूचना पाकर कालूबाधान ओपी के रविन्द्र नाथ ओरांग तथा विजय कुमार यादव दलवल के साथ पहुंचकर पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया.

### मुनिडीह में जागरुकता अभियान

**पुटकी।** बीसीसीएल के पश्चिमी झरिया क्षेत्र मुनिडीह में मंगलवार को सतर्कता जागरूकता अभियान की शुरुआत हुई. पंद्रह नवंबर तक मनाये जानेवाले अभियान में विभिन्न प्रतियोगिता एवं कार्यशाला किया जाएगा. महाप्रबंधक अरिंदम मुस्तफी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया व सतर्कता की प्रतिज्ञा दिलाई. बीसीसीएल सतर्कता विभाग से प्रबंधक कार्मिक राजू कुमार जागरूकता अभियान में कराए जाने वाले कार्यक्रमों का विवरण प्रस्तुत किया. मौके पर क्षेत्र के अवर महाप्रबंधक दीपक कुमार ,क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक आशीष मिश्रा, क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक सौरव कुमार तथा क्षेत्र के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे.

### श्रीश्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति ने किया पौधारोपण

**धनबाद।** धैया के ठाकुर कुल्ही (छठ तालाब) श्रीश्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की ओर से मंगलवार को ठाकुर कुल्ही दुर्गा मंदिर प्रांगण में पौधरोपण किया गया. पूजा समिति के सदस्यों ने विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए. समिति के अध्यक्ष मदन मोहन सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हम सभी का कर्तव्य है कि हर महत्वपूर्ण अवसर पर पौधे लगाएं. बढ़ते वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए हमारे आसपास वृक्षों का होना अत्यंत आवश्यक है.

### तीन दिवसीय कार्यशाला

**पुटकी।** धनबाद सदर प्रखंड के सभागार में तीन दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला सम्पन्न हुआ. कार्यशाला मनरेगा योजना के कार्यान्वयन पर जिला प्रशासन द्वारा प्रशिक्षण सह कार्यशाला कार्यक्रम निर्धारित किया गया था. प्रशिक्षण कार्यक्रम में धनबाद सदर प्रखण्ड के मुखिया तपन कुमार दत्ता, कुसुम देवी, चमेली देवी, ममता सिंह चौधरी, चक्रधर महतो, रमेश कुमार सिंह, बिजेंद्र पासवान, प्रखण्ड कर्मी बृज बिहारी पाठक, मिथिलेश कुमार सिंह, राज कुमार बाउरी, राकेश कुमार महतो, प्रवेश महतो, कार्तिक महतो, सोनु कुमार यादव,पंचायत सचिव, झरीलाल महतो, दूर्गा प्रसाद सिंह, निसार आदि शामिल थे.

# भागाबांध साउथ बलियाहारी में आठ लाख की संपत्ति चोरी

## अपराधियों ने बीसीसीएल कर्मी के घर को बनाया निशाना

**खास बातें**

- भतीजे की रिंगसेरेमनी में शामिल होने गया था परिवार
- एक लाख नगद समेत आठ लाख की संपत्ति ले गए चोर

संवाददाता । केंदुआ



भागाबान्ध के साउथ बलिहारी 54 बीसीसीएल क्वार्टर में अपराधियों ने सोमवार की रात बीसीसीएल कर्मी जगनारायण सिंह के बन्द आवास का तलातोड़ एक लाख रुपये नकद सहित करीब आठ लाख रुपये के जेवरातों की चोरी कर ली.

घटना के वक्त गृहस्वामी भतीजे के रिंग सेरेमनी समारोह में भाग लेने बोकारो गए हुए थे. वारदात की सूचना पाकर भागाबान्ध ओपी पुलिस ने घटनास्थल की जांच पड़ताल की. जगनारायण कच्छी बलिहारी 10/12 पिट में हौलेज ऑपरेटर के पद पर कार्यरत हैं. वर्ष 2025 के अक्टूबर महीने में सेवनिवृत होने वाले हैं. सोमवार को शाम 5 बजे रिंग सेरेमनी में शामिल होने भाई के परिजन के संग बोकारो शाम चार बजे आवास बन्दकर चले गए थे.

रात 11 बजे पत्नी-पुत्री के साथ वापस लौटे. घर में प्रवेश किया तो देखा कि बाहर का दरवाजा खुला, अंदर का खुला ताला टूटा व कमरे में रखा लमीरा खुला है.

घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है. दृश्य देख माँ-बेटी आवक रह गए. अपराधियों ने गृहस्वामी के जाने के बाद अंधरे में सामने आंगन के इंट्रेंस का दरवाजे व अंदर कमरे का ताला तोड़ दिया था. कमरे में रखे आलमीरा को तोड़ उसमें रखे एक लाख रुपये के अलावे हीरे की अंगूठी,पेडेंट,सोने का चेन, अंगूठी, कानबाली, टॉप्स, मंगटीका, जितिया, 5 नाक की नथनी,क्रिस्टल युक्त लॉकेट, चांदी की गणेश जी की प्रतिमा, कई बड़े-छोटे पायल आदि को समेट कर चोर रफ्फूचक्कर हो गए. घर में और भी कई कीमतों समान थे, पर मोटी रकम व काफी जेवरात मिलने के कारण जल्दबाजी में अपराधी भाग निकले.

### गोविंदपुर थाना प्रभारी से बाइक चोरी रोकने की मांग

**गोविंदपुर।** भाजपा जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर सोमवार को गोविंदपुर थाना पहुंचे और पुलिस से मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने की मांग की. उन्होंने कहा कि गोविंदपुर थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं बढ़ी है.इससे लोग परेशान हैं. साथ ही गोविंदपुर बाजार में पोस्ट ऑफिस के आसपास अवैध तरीके से वाहन स्टैंड बना दिया गया है.यहां जुआ खेला जाता है. उन्होंने कहा कि पोस्ट ऑफिस में लाखों का लेनदेन होता है. कभी भी अप्रिय वारदात हो सकती है. उन्होंने गोविंदपुर पुलिस से भारत सरकार की महत्वाकांक्षी जीटी रोड चौड़ीकरण योजना में सहयोग की अपील की है. ग्रोवर ने कहा कि थाना के आगे लगे वाहनों को हटाना जरूरी है. इन वाहनों के कारण सड़क चौड़ीकरण और नाली का निर्माण नहीं हो पा रहा है. जीटी रोड पर जाम की समस्या भी लग रही है.इस संबंध में पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद ने कहा कि मोटरसाइकिल चोरों गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है.

## विद्युत एसडीओ से वार्ता के बाद मासस का धरना स्थगित



संवाददाता । कतरास

**खास बातें**

- समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन
- हलधर महतो ने विद्युत एसडीओ से वार्ता की

कतरास ग्रामीण क्षेत्र में बिजली समस्या दूर करने को लेकर मासस ने बिजली विभाग में ज्ञापन देकर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी थी. मंगलवार को मासस के केंद्रीय महासचिव हलधर महतो ने विद्युत एसडीओ से वार्ता की. वार्ता के बाद हलधर महतो ने बताया कि विद्युत एसडीओ को बिजली समस्या समेत जर्जर तार की स्थिति से अवगत कराया गया. एसडीओ ने सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया. वार्ता के बाद धरना-प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया. वादे के मुताबिक समस्याओं का जल्द समाधान नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा.

## राम राज मंदिर जाने वाले मार्ग पर पुनः बना गोफ

संवाददाता । बरोरा




मुराईडीह चिटाही रामराज मंदिर जाने वाले मुख्य मार्ग के बगल में फिर गोफ बन जाने से यहां के लोगों में दहशत का माहौल है. बताते चलें कि पिछले 15 दिन पूर्व इसी स्थान पर गोफ बना था. जिसे प्रबंधन द्वारा ओबी डालकर एवं डोजरिंग कर गोफ भराई की गई थी. पुनः उसी स्थान पर पूर्व से भी बड़ा लगभग 50 मीटर लम्बा एवं 20 मीटर चौड़ा गड्ढा नुमा गोफ बन गया. पूर्व में इसी जगह नार्थखास कोलियरी संचालित था. कोयला उत्पादन कर कोलियरी बंद कर दिया गया. मगर कोयला चोरों द्वारा वर्षों से सारे कोयला के पिलर को काटकर कोयले की तस्करी की जा रही है. अगर समय रहते गोफ बनने की घटना को रोका नहीं गया तो निकट भविष्य में यहां बड़ी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता.

## धनबाद प्रेस क्लब की नई कमेटी ने उपायुक्त से की मुलाकात

संवाददाता । धनबाद



धनबाद। धनबाद प्रेस क्लब की नई कमेटी ने मंगलवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा से समाहरणालय में मुलाकात कर मोमेंटो प्रदान किया. इस दौरान कमेटी के पदाधिकारियों ने धनबाद प्रेस क्लब के नए भवन निर्माण की कार्य प्रगति पर चर्चा की. उपायुक्त ने भवन निर्माण में मदद देने का भरोसा दिया. मुलाकात करने वालों में अध्यक्ष संजीव झा, महासचिव अजय प्रसाद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शशि भूषण राय, कोषाध्यक्ष मनोज शर्मा उपाध्यक्ष सुरेंद्र यादव,सचिव संजय चौरसिया समेत कार्यकारिणी सदस्य विपिन कुमार रजक शामिल थे.

## ट्रैफिक पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

संवाददाता । धनबाद



सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन कराने को लेकर ट्रैफिक पुलिस द्वारा शहर में सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है. इसी कड़ी में मंगलवार को धनसार चौक में वाहन जांच अभियान चलाकर एक दर्जन से अधिक दो पहिया वाहन चालकों से जुर्माना वसूला गया. जिन चालकों से जुर्माना वसूला गया उनके पास पॉल्यूशन पेपर समेत अन्य कागजात नहीं थे. साथ ही कई दो पहिया वाहन चालक बिना हेलमेट पहने गाड़ी चला रहे थे. कई दो पहिया वाहनों पर ट्रिपल सवारी भी लोड थे.

जांच अभियान में शामिल सार्जेंट लक्ष्मण प्रसाद मेहता ने वाहन चालकों से अपनी गाड़ी के सभी कागजातों को अपडेट रखने को कहा. चालकों के पास जो कागजात अपडेट होना चाहिए उसमें गाड़ी का बीमा, फिटनेस, परमिट, ड्राइविंग लाइसेंस, पॉल्यूशन सर्टिफिकेट और अन्य कागजात शामिल हैं. इसके साथ ही वाहन पर बैठने वाले दूसरे सवारी को भी हेलमेट पहनना जरूरी है.

चार पहिया वाहन चालकों को अपनी सुरक्षा के लिए सीट बेल्ट का इस्तेमाल करने तथा गाड़ी के शीशे पर ब्लैक फिल्म का प्रयोग नहीं करने को कहा गया. जांच अभियान अभी जारी रखा जाएगा.

**खास बातें**

- एक दर्जन से अधिक वाहन चालकों से वसूला गया जुर्माना
- सार्जेंट लक्ष्मण प्रसाद मेहता ने की वाहनों की जांच

## दिव्यांग बच्चों के लिए जांच सह उपकरण वितरण शिविर

- 74 बच्चों की जांच, स्पेशल किट समेत अन्य उपकरण भेंट

संवाददाता । धनबाद




झारखण्ड शिक्षा परियोजना के समावेशी शिक्षा के तत्वावधान में झरिया रिसोर्स सेंटर के प्रांगण में मंगलवार को दिव्यांगता जांच सह उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया. समारोह के मुख्य अतिथि झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया. अतिथियों का स्वागत चंदन का पौधा देकर किया गया. मंच संचालन डॉ. मनोज सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन अखलाक अहमद ने किया.

शिविर में एलिंबको भुवनेश्वर के विशेषज्ञों ने 3 से 18 वर्ष के सेरेब्रल पाल्सी, शारीरिक, मानसिक, मूकबधिर, नेत्रहीन दिव्यांग बच्चों को जांच कर उपकरण देने के लिए चयनित किया. शिविर में 74 दिव्यांग बच्चों की जांच की गई . वहीं शिविर में विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह और अवर न्यायधीश ने 36 दिव्यांग बच्चों को सीपी चेयर, ट्राइसाइकिल, कैलिपर्स, व्हील चेयर, क्रच, रोलेटर, सुनने की मशीन, ब्रेल किट,ब्लाइंड स्टिक, स्पेशल किट सहित अन्य उपकरण प्रदान किए.

विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा कि दिव्यांग बच्चे भगवान के रूप होते हैं. दिव्यांग जनों को विधायक फंड से स्कूटी देने की शुरुआत मैंने की है. जब ये बच्चे 18 वर्ष के होंगे तो इन्हे भी स्कूटी मिलेगी. उन्होंने कहा कि दिव्याग बच्चों के पुनर्वास पर ध्यान दें. रिसोर्स सेंटर के संपर्क में रहें. इससे बच्चों का भविष्य सुधरेगा.

विगत 3 वर्षो के दरम्यान 350 बच्चों को उपकरण मिल चुकी है. मौके पर सीओ रामसुमन प्रसाद, सीडीपीओ अल्का रानी, केडी पाण्डेय, बीपीओ सुनील सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कन्हैया ठाकुर, नीरज गोयल, डॉ. मनोज सिंह, अखलाक अहमद, राजीव पांडेय, कृष्ण पांडेय, राकेश पासवान, अलिंबको भुनेश्वर के डॉ. मनोरंजन ओझा, डॉ. चंद्रमौली पांडेय, डॉ. अरविंद कुमार और शशिकांत कुशवाहा समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे.







## 37 वर्ष पूर्व बीसीसीएल द्वारा नियोजन व मुआवजा सम्बंधित एग्रीमेंट को लागू करने की मांग

# पुटकी बलिहारी प्रोजेक्ट के मेनगेट पर धरना

**अनिश्चितकालीन हड़ताल**

संवाददाता । केंदुआ



नियोजन, मुआवजा समेत 23 सूत्री मांगों के समर्थन में अरलगड़िया विस्थापित संघर्ष मोर्चा ने मंगलवार को पुटकी बलिहारी प्रोजेक्ट के मुख्य द्वार पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए गेट को जाम कर दिया. साथ ही अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गए. प्रदर्शनकारी 37 वर्ष पूर्व बीसीसीएल द्वारा नियोजन व मुआवजा सम्बंधित एग्रीमेंट को लागू करने, पीबी प्रोजेक्ट में एमडीओ मोड़ में काम करनेवाली ईगल कम्पनी में 75 प्रतिशत स्थानीय बेरोजगार युवकों को नियोजित करने की मांग कर रहे थे. मांग को लेकर मोर्चा काफी अर्से से आंदोलनरत हैं. क्षेत्रीय प्रबन्धन के साथ कई बार वार्ता व समझौता हुआ पर सारी बातें कागजों में ही सिमट कर रह गयी. पीबी क्षेत्रीय व ईगल प्रबन्धन की अनदेखी से नाराज ग्रामीण युवकों ने गेट का चक्का जामकर धरना पर बैठ गए.चेतावनी दी कि अगर जल्द उनकी मांगों पर अमल नहीं किया गया तो एरिया ऑफिस का भी चक्का जाम कर देंगे. आन्दोलनवश प्रोजेक्ट में प्रथम पाली में काम करने वाले करीब 150 मजदूर अंदर प्रवेश नही कर सके. हाजरी नहीं बना पाने की सूचना वरीय अधिकारियों को दी.मोर्चा के अध्यक्ष दिनेश ओझा व सचिव विकास सिंह ने ईगल कम्पनी पर बिना मुआवजा नियोजन दिए रैयत की जमीन पर इंक्लाइन का निर्माण कार्य करने का आरोप लगाया. कहा कि वर्ष 1986 में पीबी प्रबन्धन ने जमीन के बदले 65 नौकरी देने का लिखित समझौता किया था. प्रबन्धन ने 21 नौकरी दी जबकि 36 नॉकरी अभी भी बाकी है. प्रोजेक्ट, कॉलोनी बनाने के नाम पर जमीन का अधिग्रहण कर उसे अब निजी कम्पनी के हवाले कर दिया गया है. आंदोलन में अरलगड़िया, बलिहारी, सियालगुदरी, स्वामी विवेकानन्द नगर पुटकी, केंदुआडीह, भागाबान्ध, बरडुभी, मुनिडीह आदि गावों के 250 से ज्यादा युवक शामिल थे। प्रदर्शन व धरना में रतिलाल महतो राधा गोविंद ओझा दीपक सिंह चौधरी नीलकंठ महतो बबलू सिंह अनिमेष ओझा राकेश सिंह डी एल सिंह सरजू दास गुलाब दे अमृत बाबरी सदानंद दास शामिल थे.

### मनरेगा योजना के क्रियान्वयन को लेकर प्रशिक्षण शिविर

**मैथन।** निरसा प्रखंड सभागार में मनरेगा योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन मंगलवार को हो गया. शिविर के प्रशिक्षक श्रीरामपुर पंचायत के मुखिया प्रसिद्ध कुमार सिंह थे. शिविर को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना नहीं बल्कि अधिनियम है. इस अधिनियम के तहत योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाना है. जॉब कार्डधारी द्वारा कार्य मांगने पर उसे 15 दिनों के अंदर कार्य उपलब्ध नहीं कराने पर वे बेरोजगारी भत्ता पाने के हकदार हो जाएंगे. बेरोजगारी भत्ता के रूप में उन्हें प्रतिदिन मिलने वाली मजदूरी का 25% भत्ता के तौर पर देना होगा. 30 दिनों बाद भी काम नहीं मिलने पर वे 50% राशि बेरोजगारी भत्ता पाने के हकदार हो जाएंगे.






▼ ब्रीफ खबरें

## सरकार को कोई खतरा नहीं है : मंत्री

**गोड्डा।** झारखंड की गठबंधन सरकार हेमंत सोरेन के नेतृत्व में अच्छी तरह से चल रही है. इसको कोई खतरा नहीं है और ये सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी. सूबे की कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह मंगलवार को महगामा से रांची जाने के क्रम में गोड्डा अशोक स्तंभ के समीप मीडिया से बात करते हुए कही. उन्होंने कहा कि चंपई वरिष्ठ और अनुभवी नेता हैं. हम सभी उनका सम्मान करते हैं, लगता है उन्हें किसी ने बरगला दिया है और वे बहकी-बहकी बातें कर रहे हैं. मंत्री ने कहा कि लगता है चपंई विरोधियों के चाल में वे फंस कर ऐसा निर्णय ले लिए हैं. इससे सरकार के हित पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा. महागठबंधन की सरकार अपना कार्य अच्छे तरीके से कर रही है और सरकार अपना कार्यकाल अवश्य पूरा करेगी. इसमें कोई संशय नहीं है.

## सम्मेलन की सफलता को ले माले की बैठक

**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड स्थित गदर में विधानसभा स्तरीय सम्मलेन की सफलता को ले भाकपा माले की एक बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक राजकुमार यादव उपस्थित थे. बैठक में संगठन की मजबूती पर विचार विमर्श किया गया. जानकारी दी गई कि आगामी 26 अगस्त को गावां प्रखंड स्थित उवि माल्डा के प्रांगण में विधानसभा स्तरीय सम्मलेन का आयोजन किया जाएगा. सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता डोर टू डोर भ्रमण कर जानकारी दें. उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास एक दम रूक सा गया है. क्षेत्रवासी बिजली, पानी, सिंचाई समेत भीषण समस्याओं से जूझ रहे हैं. आपराधिक गतिविधियों में भी काफी वृद्धि हुई है. क्षेत्र के सांसद विधायक को स्थानीय जन समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है. क्षेत्र में शांति व विकास भाकपा माले ही ला सकती है. मौके पर सकलदेव यादव, शमशेर आलम, दिनेश्वर यादव समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे.

## महाकवि विद्यापति की प्रतिमा का हुआ अनावरण

**बोकारो।** मैथिलों की प्रतिष्ठित सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद् द्वारा मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल परिसर, सेक्टर 4 में स्थापित महाकवि विद्यापति की मूर्ति का अनावरण सोमवार की शाम को किया गया. परिषद् के अध्यक्ष अनिल कुमार, मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष हरि मोहन झा, विद्यालय के पूर्व अध्यक्ष प्रभात कुमार झा, बीएसएल के मुख्य महाप्रबंधक (नगर सेवाएं) कुंदन कुमार, परिषद् के उपाध्यक्ष समरेन्द्र झा व अविनाश कुमार झा, महासचिव नीरज चौधरी, संयुक्त सचिव प्रदीप कुमार झा, सुनील चौधरी, वित्त सचिव मिहिर मोहन ठाकुर, संगठन सचिव बहुरन झा, सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशक अरुण पाठक, सांस्कृतिक कार्यक्रम उप निदेशक प्रदीप झा, विद्यालय सचिव पी के झा चंदन ने विद्यापति की प्रतिमा का अनावरण किया. इस मौके पर आगत अतिथियों को पाग, शॉल व मिथिला पेंटिंग भेंट कर सम्मानित किया गया. साथ ही परिषद् के पूर्व व वर्तमान पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को भी पाग पहनाकर उनका अभिनंदन किया गया.

## हड़ताली कर्मचारियों से मिलने पहुंचीं मंत्री

**गोड्डा।** झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ, समाहरणालय संवर्ग का मंगलवार को 30 वें दिन भी हड़ताल जारी रहा. कर्मचारी शहीद स्तंभ पर स्थित धरना स्थल पर दिन भर धरना पर बैठे रहे एवं अपनी मांगों की पूर्ति हेतु नारे लगाते रहे. इसी बीच कृषि मंत्री दीपिका सिंह पाण्डेय हड़ताली कर्मचारियों से मिलने अशोक स्तंभ स्थित धरना स्थल पर पहुंची. मंत्री ने हड़ताली कर्मियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे रांची जा रहे हैं और रांची पहुंच कर मुख्यमंत्री से इस संबंध में बात करेंगे. आपकी जो भी जायज मांगें हैं, वो सरकार पूरी करेंगी. वार्ता हेतु आप लोगों के प्रतिनिधि को जल्द बुलाया जाएगा. मंत्री ने मुफस्सिल संवर्ग के लिपिकों से भी भेंट कर उनकी समस्याओं को जाना और मुख्यमंत्री के समक्ष रखने की बात कही. धरना स्थल पर मुख्य रूप से राकेश कुमार झा, मोजाहिदुल इस्लाम, नसीम अख्तर, दीपिका हंसदा, सोनी कुमार, रंजित कुमार, पूनम मरांडी, शबनम मुर्मू, पप्पू कुमार ठाकुर, रूपेश कुमार, आभा कुमारी, मंजूर इलाही, निजामुद्दीन, रितेश आनंद, सहित दर्जनों कर्मी मौजूद थे.

### चिन्मय विद्यालय बोकारो का 48वां स्थापना दिवस समारोह सम्पन्न

# स्कूली बच्चों के मनमोहक कार्यक्रम ने बांधा शमा

**संवाददाता।बोकारो**

विगत 47वर्षों में अर्जित समृद्धि और प्रचूर सफलता एवं नयी आशा लिए चिन्मय विद्यालय का 48वाँ स्थापना दिवस पूरी भव्यता के साथ मंगलवार को संपन्न हुआ.

19 अगस्त 1977 को इस विद्यालय की शुरुआत सेक्टर 1/बी के एक गराज से हुई थी और आज भारत के सर्वश्रेष्ठ विद्यालयों का शिरमौर बना हुआ है. चिन्मया झारखंड का एक मात्र नाबेट एक्रीकेटेड विद्यालय है.

गीत संगीत, नृत्य एवं शैक्षिणक उपलब्धियों से भरे उत्सव की मुख्य अतिथि स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती व अन्य विशिष्ठ अतिथि एमआर विश्वरुप मुखोपाध्याय (अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति), सूरज शर्मा (प्राचार्य), आर एन मल्लिक (कोषाध्यक्ष), डॉ अशोक सिंह (भूतपूर्व प्राचार्य) एवं नरमेन्द्र कुमार (उप-प्राचार्य) शामिल रहे.

मुख्य अतिथि सहित सभी विशिष्ठ अतिथि को प्राचार्य सूरज शर्मा ने



गुलदस्ता भेंट देकर स्वागत किया. सभी गणमाण्य अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की.

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि परम पूज्य स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती (आचार्या चिन्मय मिशन बोकारो) ने सम्बोधित किया और राष्ट्र तथा विशेष कर कोलकाता की घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य आजकल उच्च अंक, मेडल एवं अच्छी नौकरी तक ही सीमित रह गया है. छात्रों में उच्च मानवीय मूल्यों का विकास नहीं हो रहा है. ऐसी शिक्षा का क्या मतलब जो शिक्षित होकर भी समाज के लिए कष्टदायक हो जाते हैं. नन्हें-नन्हें बच्चों द्वारा मनमोहक स्वागत-गान की प्रस्तुति के बाद प्राचार्य सूरज शर्मा छात्र-अभिभावकों के उपस्थित समूह का स्वागत करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि आज का दिन हमारी सफलता से परिपूर्ण स्वर्णिम यात्रा का एक अहम पड़ाव है. शर्मा ने कहा कि आप सभी के प्रयास, संघर्षशीलता, दृढ़-प्रतिज्ञा एवं सफलता का विद्यालय विलक्षण साक्षी है. इन वर्षों में विद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में एवं नैतिक मूल्यों के विकास के क्षेत्र में अप्रतिम सफलता हासिल किया है.

इस अवसर पर बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम विघ्नहर्ता गणेश की आराधना से आरंभ हुआ.

नृत्य गीत-संगीत से परिपूर्ण कार्यक्रम रसमय एवं अनोखापन लिए हुए था. जिसमें भारत के विभिन्न क्षेत्रों के नृत्य की झलक थी, झारखंड राज्य के आदिवासी नृतय की मोहक झलक थी तो सेक्सपियर के नाटक का तड़का भी था.

कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने 115 छात्र-छात्राओं को उनकी उल्लेखनीय शैक्षिणक उपलब्ध्यिों के लिए (सत्र 2023-2024), प्रमाण पत्र, स्वर्ण एवं रजत पदक तथा मेडल देकर सम्मानित किया. कार्यक्रम का अंत विद्यालय-गान से हुआ.

विद्यालय छात्र-परिषद के अभिनव सिंह, कुणाल आनंद, ईशा भारती, सताक्षी एवं अन्य सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग किया. इस अवसर पर आमंत्रित गणमाण्य अतिथि के अलावा विद्यालय के सभी विंग के प्रभारी एवं उप-प्रभारी एवं शिक्षक उपस्थित थे.

# विधान सभा 2024 चुनाव को लेकर पदाधिकारियों को मिला प्रशिक्षण



**संवाददाता।बोकारो**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशासनुसार विधानसभा निर्वाचन 2024 के नामित जिला प्रशासन ने कवायद शुरू कर दी है. संबंधित पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है.

इसी क्रम में मंगलवार को न्याय सदन सभागार में प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारियों एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया.

मौके पर उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, प्रशिक्षण कोषांग के पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, शालिनी खालखो, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेमचंद सिन्हा, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेन आदि उपस्थित थे.

मौके पर उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि निर्वाचन कार्य में सभी की महत्ती भूमिका है, सभी अपने निर्वाचन दायित्वों का सही से अनुपालन करें. सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी प्रशिक्षण सत्र में अपने कार्य दायित्व को समझ कर, ससमय अपने कार्यों को पूरा कर निर्वाचन कार्यालय को प्रतिवेदन समर्पित करेंगे. सेक्टर पदाधिकारी/पुलिस पदाधिकारी अपने सेक्टर अधीन समस्त मतदान केन्द्रों के वेल्नेरेविबलिटी मैपिंग, कमजोर मतदाताओं के बसाहट/मोहल्लों को चिन्हित कर मतदाताओं को डराने/धमकाने वाले व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के लिए अनुशंसा करेंगे.

# कार-बाइक की टक्कर में एक की मौत, दो घायल



**संवाददाता।गोड्डा**

कार और बाइक की आमने सामने हुई टक्कर में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई. जबकि दो अन्य घायल हो गए. घटना देवडांड थाना अंतर्गत ग्राम चोरबाद के समीप की है. बीते सोमवार की रात्रि करीब नौ बजे बाइक पर सवार होकर ग्राम खरकचिया के तीन युवक असलम अंसारी, फिरोज अंसारी और यासीन अंसारी अगिया मोड़ से अपने घर की ओर जा रहे थे. बताया जाता है कि घर जाने के क्रम में जैसे ही ग्राम चोरबाद के आगे मोड़ के पास पहुंचे कि विपरीत दिशा से आ रही इनोवा कार से आमने सामने की टक्कर हो गई. तीखा मोड़ होने की वजह से गाड़ी अनियंत्रित हो गई और बाइक से टकरा गई. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और तीनों युवक दूर छिटक गए. घटना के बाद कार चालक गाड़ी लेकर मौके से भागने में सफल रहा. घायल तीनों युवकों को तत्काल अगल बगल के ग्रामीणों की सहायता से सदर अस्पताल गोड्डा पहुंचाया गया. जहां इलाज के क्रम में फिरोज अंसारी की मौत हो गई. बाद में दूसरे घायल असलम अंसारी का स्थिति की गंभीरता को देखते हुए भागलपुर रेफर कर दिया गया. जबकि तीसरे युवक यासीन अंसारी का इलाज अस्पताल में किया जा रहा है. मामले को लेकर थाना में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है.

## तालाब में डूबने से युवक की मौत

**डुमरी (गिरिडीह)।** डुमरी थाना क्षेत्र के अंबाडीह गांव निवासी युवक खिरो महतो (35) की तालाब में डूबने से मौत हो गई. बताया गया कि वह सोमवार को मवेशी चराने गया था. जब देर शाम तक वापस नहीं लौटा, तो परिजनों को चिंता हुई. खोजबीन करने पर वह तालाब में पड़ा मिला. आनन-फानन में उसे तालाब से बाहर निकाला गया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी. पुलिस ने मंगलवार को गांव पहुंचकर जांच-पड़ताल की और कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, गिरिडीह भेज दिया. सूचना मिलते ही सांसद प्रतिनिधि छक्कन महतो ने पीड़ित परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया और आपदा प्रबंधन विभाग से मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया. मौके पर सुभाष महतो, प्रेमचंद महतो, आजसू पार्टी के लोकनाथ महतो, राजेंद्र महतो अभिभावक एकता मंच के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर महतो, बुलाकी महतो, जगदीश महतो, नीतीश कुमार आदि उपस्थित थे.

# जमसं के असंगठित प्रतिनिधियों का आमरण अनशन शुरू

**संवाददाता।कथारा**

सीसीएल कथारा क्षेत्र के कथारा कोलियरी परियोजना कार्यालय के समक्ष जनता मजदूर संघ के असंगठित प्रतिनिधियों ने आमरण-अनशन पर बैठ गए और सीसीएल कथारा कोलियरी प्रबंधन की टाल मटोल नीति के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. वहीं जनता मजदूर संघ के कथारा क्षेत्रीय सचिव कामोद प्रसाद ने पत्रकारों के समक्ष दिए बयानों में कहा कि सीसीएल कथारा कोलियरी प्रबंधन टाल मटोल नीति अपनाई हुई है और अपनी हठधर्मिता रवैया अपना रही है. तीन महीने पूर्व से ही यह रवैया चल रहा है. अभी हाल में बीते कुछ दिनों पूर्व मांगों को लेकर 15 जुलाई को ही कथारा कोलियरी परियोजना कार्यालय का चक्का जाम किया गया था. जिस दौरान कथारा कोलियरी प्रबंधन द्वारा मिले आश्वासन के बाद चक्का जाम आंदोलन स्थगित किया था, लेकिन




कथारा कोलियरी प्रबंधन लगातार उपेक्षा कर रही है और वादाखिलाफी कर आंदोलन को विवश कर दिया है. उन्होंने बताया कि 19 अगस्त को वार्ता के लिए कथारा कोलियरी प्रबंधन बुलाया थी पर सहमति नहीं बनी और वार्ता विफल हो गई. जिसके उपरांत अनिश्चितकालीन के लिए आमरण अनशन पर बैठना पड़ा. चेतावनी देते हुए कहा कि जबतक विस्थापित व प्रभावित ग्रामीणों को 75% रोजगार सुनिश्चित नहीं किया जायेगा तब तक विस्थापितों के हक अधिकार के लिए संघर्ष जारी रहेगा.

अनशन पर बैठे लोग में इरफान अंसारी, कमाल अंसारी, विनोद यादव शामिल हैं. जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता हजरत अंसारी व संचालन पप्पू यादव ने किया. मौके पर जगदिश गिरी, महेंद्र यादव, जगेश्वर रजवार, मंटू कुमार यादव, मो इम्तियाज, बिनोद कुमार यादव, सुरेश गिरी, अनिश रजा,प्रमोद यादव सहित अन्य कई लोग मौजूद थे. वहीं इस संदर्भ में कथारा कोलियरी परियोजना पदाधिकारी दुर्गेश कुमार से उनका पक्ष लेने के लिए दूरभाष पर सम्पर्क किया था लेकिन किसी मीटिंग रहने के कारण वे अपनी बातों को नहीं रख सकें.

# बेरमो की लक्ष्मी को मिली नई जिंदगी

### एक सप्ताह पहले एक्सीडेंट में हुई थीं घायल



**संवाददाता।बोकारो**

सामाजिक कार्यकर्ता विकास कुमार गुप्ता के प्रयास से बेरमो प्रखंड की जरीडीह पूर्वी पंचायत निवासी लक्ष्मी देवी (71 वर्ष) को नई जिंदगी मिली है. रांची के एक निजी अस्पताल में सोमवार को उनके कुल्हे का सफल ऑपरेशन हुआ.

ज्ञात हो कि लक्ष्मी देवी एक सप्ताह पहले बाइक एक्सीडेंट में गंभीर रूप से घायल हो गई थीं. उनके कुल्हे में गहरा जख्म था. इलाज के लिए पास में पैसे नहीं थे. परिजन चिंतित थे कि इलाज के लिए इतने पैसे कहां से लाएंगे. लक्ष्मी देवी की बेटी शोभा कुमारी ने बेरमो के सामाजिक कार्यकर्ता विकास कुमार गुप्ता से मिलकर इलाज में मदद की अपील की.

विकास गुप्ता की पहल पर लक्ष्मी देवी का आयुष्मान योजना के तहत रांची के निजी अस्पताल में इलाज शुरू हुआ. वहां डॉ अनुज ने उनके कुल्हे का सफल ऑपरेशन किया. अब वह पहले से बेहतर महसुस कर रही हैं.

# सड़क के आभाव में गर्भवती महिला की मौत, घर तक नहीं पहुंची एम्बुलेंस

**संवाददाता।डुमरी (गिरिडीह)।**

आजादी के इतने सालों के बाद भी डुमरी प्रखंड के कई सुदूरवर्ती गांव हैं, जहां रोड नहीं होने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. गांव में किसी ग्रामीण के बीमार होने पर उसको समय पर परिजन इलाज के लिए अस्पताल नहीं ले जा पाते हैं और मौत हो जाती है. ऐसा ही एक मामला प्रखंड अतकी पंचायत स्थित चुटरूमबेड़ा के एक महिला को समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है.

जानकारी के अनुसार सोमवार को किशुन हेम्ब्रम की गर्भवती पत्नी कांति मुर्मू (29) को प्रसव पीड़ा हुई. शुरू में घर वालों ने झोलाछाप डाक्टर से इलाज कराया. इलाज के बाद उसकी तबियत और बिगड़ गयी. सूचना पर एम्बुलेंस आयी लेकिन घर तक वाहन जाने का रास्ता नहीं होने के कारण



एम्बुलेंस विद्यालय तक आकर रूक गई. इसके बाद परिजन और ग्रामीण महिला को खाट में लादकर एम्बुलेंस तक लाये. एम्बुलेंस से महिला को रेफरल अस्पताल ले जाया गया. जहां गंभीर हालत देखते हुये उसे धनबाद रेफर कर दिया गया. धनबाद ले जाने के क्रम में ही रास्ते में महिला ने दम तोड़ दिया. बताया जाता है कि उक्त टोला में पहुंचने के लिए कच्ची सड़क तक नहीं है. ग्रामीणों के लिए आवागमन का एक मात्र साधन पगडंडी है. ग्रामीण खेत और नालों के बीच से डेढ़ किमी लंबी पगडंडी के सहारे आना जाना करते है. इस संबंध में मृतका के पति किशुन हेम्ब्रम ने बताया कि गांव तक सड़क नहीं होने से उसकी गर्भवती पत्नी को समय पर अस्पताल नहीं ले जाया सका और मौत हो गयी.

## अंबिका देवी अस्पताल को जिला प्रशासन ने किया सील

**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड स्थित नगवां चक रोड में संचालित अंबिका देवी मेमोरियल हॉस्पिटल में नवजात शिशु की मौत के बाद प्रशासन ने वरीय अधिकारियों के निर्देश पर अस्पताल को सील कर दिया. मंगलवार को सीएस के निर्देश पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर महेश्वर, बीपीएम प्रमोद बरनवाल, बीपीआरओ संजय कुमार, मनरेगा जेई मो रिजवान और एसआई राम प्रवेश चौधरी आदि पहुंचे तो अस्पताल बंद मिला और सभी कर्मी फरार थे. बाद में कागजी प्रक्रिया के बाद अस्पताल के सभी मेन गेट को सील कर दिया गया. गौरतलब है कि पिछले बुधवार को बिरने निवासी मो जसीम अपनी पत्नी सबा साहिल को प्रसव पीड़ा होने पर अंबिका देवी मेमोरियल हॉस्पिटल में भर्ती कराया था, जहां डिलीवरी के बाद लड़का हुआ था. इस दौरान जन्म के बाद नवजात की तबियत बिगड़ने लगी और रविवार की रात इलाज के दौरान नवजात की मौत हो गई. हालांकि घटना के बाद अस्पताल प्रबंधक द्वारा पीड़ित परिवार को मुआवजा दिए जाने के बाद परिजन घर चले गए. बाद में जनप्रतिनिधियों ने अस्पताल पहुंच कर सीएस से अस्पताल को सील कराने की मांग करने लगे.

## कथारा महाप्रबंधक से मिले गोमिया विधायक

**कथारा।** गोमिया के विधायक डॉ लंबोदर महतो ने बांध, कथारा, झिरकी आदि पंचायत के ग्रामीण विस्थापितों के समस्याओं के समाधान को लेकर कथारा स्थित सीसीएल अतिथि गृह में क्षेत्र के महाप्रबंधक के साथ बैठक की. बैठक में महाप्रबंधक संजय कुमार, कथारा कोलियरी के पीओ दुर्गेश कुमार सिन्हा आदि अधिकारियों सहित ग्रामीण विस्थापितों के प्रतिनिधि मुख्य रूप से मौजूद थे. ग्रामीण विस्थापितों गांवों सहित कॉलोनियों में व्याप्त शुद्ध पेयजल, बिजली, सड़क आदि की समस्या को दूर करने पर विचार विमर्श हुआ. यहां विधायक डॉ लंबोदर महतो द्वारा 75 प्रतिशत ग्रामीण विस्थापितों को कथारा कोलियरी व अन्य परियोजनाओं में संचालित आउटसोर्सिंग कंपनी के कार्य में रोजगार देने, कथारा कोलियरी में हैवी ब्लास्टिंग पर अविलम्ब रोक लगाने, हैवी ब्लास्टिंग की वजह से कमल टोला सहित माइंस से प्रभावित अन्य गांव में हुए घरों की क्षतिपूर्ति व मुआवजा देने के लिए कमेटी गठन कर जल्द सर्वे कराने समेत कई मुद्दों पर प्रबंधन के साथ सकारात्मक वार्ता हुई.

### जायजा ईसीएल के डीटी दो दिवसीय दौरे पर ललमटिया कोलियरी पहुंचे

# पुनर्वास स्थल पर कार्यों में तेजी लाएं : राय

**संवाददाता।ललमटिया**

ईसीएल के तकनीकी निदेशक नीलाद्री राय अपने दो दिवसीय दौरे पर ईसीएल की राजमहल परियोजना के ललमटिया कोयला खदान पहुंचे. निदेशक के ललमटिया पहुंचने पर परियोजना के पदाधिकारी सहित राजमहल परियोजना के क्षेत्रीय महाप्रबंधक एन नायक ने तकनीकी निदेशक को बुके देकर स्वागत किया. निदेशक श्री राय ने क्षेत्र के दौरे के क्रम में सर्वप्रथम हूर्रासी परियोजना क्षेत्र के कद्दूटोला पुनर्वास स्थल का निरीक्षण किया. निरीक्षण के क्रम में संबंधित अधिकारियों को जरूरी आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए पुनर्वास स्थल पर कार्यों में तेजी लाने को कहा. दौरे के क्रम में तकनीकी निदेशक ने हुर्रासी परियोजना के कोयला खदान क्षेत्र का भी निरीक्षण किया.

मौके पर पहुंचे एनटीपीसी के निदेशक (संचालन) रविंद्र कुमार का बुके



देकर स्वागत किया गया. साथ ही दोनों ने संयुक्त रूप से नए सीएचपी का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुझाव एवं दिशा निर्देश भी दिये. निदेशक एन राय ने दो दिवसीय दौरे के क्रम में राजमहल परियोजना ललमटिया कोयला खदान क्षेत्र के तालझारी पेच, बसडीहा पेच, लोहंडिया पेंच, बीएलएस साइट एवं डीप माइंस का निरीक्षण किया एवं उत्पादन से संबंधित परियोजना के अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिये. दौरे के क्रम में राजमहल परियोजना के अंतर्गत सीएचपी स्थित निर्माणधीन सैलो का भी निरीक्षण किया गया और कई आवश्यक कार्य को करवाने का सुझाव भी दिया. इस दौरान राजमहल परियोजना के ओसीपी बीपीसीएल के ऑटोमोटिव डीजल डिस्पेंसिंग यूनिट का भी उद्घाटन किया गया. तत्पश्चात तकनीकी निदेशक श्री राय ने ईसीएल के राजमहल हाउस में राजमहल परियोजना के अधिकारियों व ठेका कंपनी के अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक किया. जिसमें सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उत्पादन व प्रेषण के कार्यों में तेजी लाने हेतु कई निर्देश भी दिए. दौरे के क्रम में क्षेत्रीय महाप्रबंधक एन नायक, जीएम ऑपरेशन सतीश मुरारी, ओसीपी मैनेजर ओ पी चौधरी, जीएम (सिविल) मोहित कुमार चंदेल, जीएम (एक्सवेषण) डी के वर्मा, ई एंड एम एरिया इंजीनियर एस के सुरक्षित साथ चल रहे थे.

### प्रखंड कार्यालय के सभागार में पंचायत समिति की मासिक बैठक

# प्रतिनिधियों ने की पूर्व में लिए गये प्रस्तावों पर कार्रवाई करने की मांग

**संवाददाता।डुमरी (गिरिडीह)**

डुमरी प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में मंगलवार को पंचायत समिति की मासिक बैठक हुई. प्रमुख उषा देवी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में डुमरी बीडीओ अन्वेषा ओना, सीओ शशिभूषण वर्मा, पूर्व प्रमुख यशोदा देवी, उप प्रमुख उपेन्द्र महतो बबलू, विधायक प्रतिनिधि राजकुमार पांडेय, सांसद प्रतिनिधि धर्मेन्द्र यादव सहित विभिन्न पंचायतों के पंसस, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित हुए. प्रतिनिधियों ने पूर्व बैठकों में लिए गये प्रस्तावों पर कार्रवाई करने की मांग की. इस पर सदस्यों को बताया गया कि जो भी प्रस्ताव लिए गये हैं, उस पर कार्रवाई के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है.

बीडीओ ने बताया कि सभी बैंक शाखा प्रबंधकों को यह सख्त निर्देश दिया गया है कि वे अपने उपभोक्ताओं को केवाईसी करने में कोताही नहीं बरतें



और ना ही बैंक का चक्कर लगवायें. वहीं इस दौरान सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि प्रत्येक पंचायत में गठित जन आरोग्य समिति के द्वारा क्या-क्या काम किया जा रहा है एवं उनकों प्राप्त राशि व सभी सहिया दीदी का नाम, मोबाइल नम्बर सदन में उपलब्ध कराने का संबंधित विभाग को दिया गया.

वहीं सदस्यों ने मांग किया कि जन वितरण प्रणाली दुकान में यह लिखित होना चाहिए कि खाद्यान्न किस माह का वितरण किया जा रहा है. जबकि सदस्यों ने यह आरोप लगाया कि पीएचईडी के द्वारा उन जगहों पर चापानल अधिष्ठापन किया गया है, जहां कोई घर नहीं है. विभाग से पंचायतों में अधिष्ठापित चापाकलों की सूची 5 दिनों के अंदर सदस्यों को उपलब्ध कराने को कहा गया.

वहीं जामतारा पंसस अखिलेश राणा ने महीनों से बंद पड़े जामतारा डुमरी पेयजलापूर्ति योजना को चालू करने का मामला उठाया.

बैठक में जेई जयप्रकाश यादव, कस्तूरबा विद्यालय के वार्डेन जलपाई सोय, बीटीएम मुकेश कुमार, पंसस मौजीलाल महतो, छत्रधारी महतो, नारायण रविदास, मुनीलाल महतो, सुशीला देवी, प्रमिला देवी, ममता कुमारी, सावित्री देवी, जितेन्द्र कुमार यादव आदि उपस्थित थे.

▼ ब्रीफ खबरें

## हंजला बने अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता

**मधुबन।** बीजेपी नेता सह खरखरी कालोनी निवासी हंजला बिन हक को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रदेश प्रवक्ता के रूप में नियुक्त किया गया है. भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात ने चिट्ठी जारी कर कहा है कि बाबूलाल मरांडी के निर्देशानुसार आपको गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र का प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया जाता है. आपकी पार्टी प्रवक्ता में नियुक्ति से पार्टी को बल मिलेगा और गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र की समस्याओं को प्रदेश स्तर पर मजबूती से रख सकेंगे. हंजला बिन हक फिलहाल धनबाद के वासेपुर में निवास करते हैं.

## जमुआ में ओपेन शेड का शिलान्यास

**कतरास।** जमुआ पंचायत के माथाडीह में जिला परिषद् सदस्य ललिता देवी ने ओपन शेड का शिलान्यास मंगलवार को किया. मौके पर उन्होंने कहा कि जनता की मांग पर शेड निर्माण किया जा रहा है. शेड बनने पर यहां के लोगों को कार्यक्रम करने में सुविधा होगी. इस अवसर पर कांग्रेस नेता राजेश राम, उप मुखिया राजेश कुमार गुप्ता, संवेदक माणिक महतो, आलम अंसारी, जनार्दन ठाकुर, मुकेश कुमार समेत बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं उपस्थित थीं.

## जिप सदस्य ने लगवाया स्कूल में सीसीटीवी कैमरा

**निरसा।** निरसा प्रखंड अंतर्गत शासनबड़िया पंचायत के लखीमाता उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में 15 दिन पूर्व सीसीटीवी कैमरा चोरी हो गया था. इस स्कूल में फिर सीसीटीवी जिला परिषद् सदस्य संजय सिंह पिंटू ने अपने निजी मद से लगवाया है. सीसीटीवी का उद्घाटन निरसा बीडीओ इंद्रलाल ओहदार, थाना प्रभारी मंजीत कुमार और जिला परिषद् सदस्य संजय सिंह पिंटू ने संयुक्त रूप से किया. उद्घाटन के बाद बीडीओ ने स्कूल में इनवर्टर लगवाने का भी आश्वासन दिया. मौके पर शासनबड़िया पंचायत की मुखिया कविता मांझी, पंचायत समिति प्रतिनिधि वंदना बावड़ी, स्कूल संचालिका शांति चक्रवर्ती, बीआरपी विजय तिवारी, स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे.

# असेंबली लेवल मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण

▪ विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरु

संवाददाता। धनबाद



जिला प्रशासन ने विधान सभा चुनाव 2024 की तैयारी शुरु कर दी है. इसके मद्देनजर मंगलवार से तीन दिवसीय असेंबली लेवल मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण पुराना डीआरडीए सभागार में प्रारंभ हुआ. इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए डीसीएलआर संतोष गुप्ता ने कहा कि लोकसभा चुनाव की तरह विधान सभा चुनाव भी त्रुटि रहित संपन्न कराने का प्रयास करना है. उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में 6 नए मास्टर ट्रेनर सहित 74 मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं. उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा ने भी सभी का हौसला आफजाई करते हुए और बेहतर तरीके से प्रशिक्षण देने को कहा. प्रशिक्षण में मतदान के पूर्व की तैयारियां और मतदान के दिन की तैयारियों के बारे में बताया गया और आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की गई. वहीं प्रशिक्षण के आगामी सत्रों में आदर्श आचार संहिता, पोस्टल बैलेट, निर्वाचन खर्च, सेक्टर एवं पुलिस पदाधिकारियों का प्रशिक्षण, काउंटिंग प्रशिक्षण आदि बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया जाएगा. प्रशिक्षण सत्र को मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण, राजकुमार वर्मा, संजय कुमार, कुमार वंदन, आलोक कुमार

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष कैद

**धनबाद।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के एक मामले में धनबाद पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी निरसा सागर कुशवाहा को बीस वर्ष कैद एवं बारह हजार रुपए जुर्माना से दंडित किया है. सोमवार को अदालत ने उसे दोषी करार दिया था.प्राथमिकी पीड़िता के भाई के शिकायत पर कतरास थाने में 18 फरवरी 24 को दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक आरोपी सागर कुशवाहा पीड़िता को शादी के नीयत से पहले बहला फुसलाकर 17 फरवरी 24 को अपने साथ ले गया था. आरोप था कि सागर हमेशा पीड़िता को परेशान किया करता था.16 फरवरी 24 को उसने पीड़िता को डरा धमका कर अपने पास बुलाया उसे झरिया के एक क्वार्टर में ले गया. उसके साथ दुष्कर्म किया. सागर पीड़िता को लेकर कहीं जानेवाला था. तभी धनबाद पुलिस ने उसे धनबाद स्टेशन के पास से पकड़ लिया था. अनुसंधान के बाद पुलिस ने 15 अप्रैल 24 को सागर के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था.

# क्या हुआ तेरा वादा, ओ हेमंत दादा : राज

## विधायक ने दी युवा आक्रोश रैली की जानकारी

संवाददाता। धनबाद




23 अगस्त को प्रस्तावित युवा आक्रोश रैली को लेकर मंगलवार को धनबाद विधायक राज सिन्हा ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी. विधायक ने कहा कि हेमंत सरकार के झूठे वादों के खिलाफ युवा आक्रोश रैली आयोजित की जा रही है. रैली के माध्यम से युवा हेमंत सोरेन से पूछेंगे कि क्या हुआ तेरा वादा, ओ हेमंत दादा. आक्रोश रैली का स्लोगन होगा, युवाओं की है ललकार, हटाएंगे हेमंत सरकार. विधायक ने कहा कि चुनाव में किये गए एक भी वादों को हेमंत सोरेन ने पूरा नहीं किया है. चुनाव से पहले हेमंत सोरेन ने कहा था कि हर साल पांच लाख युवाओं को नौकरी देंगे. साल में 72 हजार बेरोजगारी भत्ता देंगे. एक भी वादा पूरा नहीं किया गया है. अब चुनाव के समय एक हजार देने की बात कर रहे हैं. पेट्रोल पर सब्सिडी देने की घोषणा फेल हो चुकी है. केंद्र सरकार की तरह अबुआ आवास योजना की घोषणा हुई. जो भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है. हेमंत सोरेन ने कहा था कि राज्य के सभी संविदा कर्मियों को स्थायी कर देंगे. लेकिन आज तक एक भी संविदा कर्मी को स्थायी नहीं किया गया है. नौकरी देने का वादा कर सरकार में आ गई लेकिन जेपीएससी में हुए घोटाले की सीबीआई जांच तक नहीं करवाये. इस कारण है कि युवा आक्रोशित हैं. आक्रोश रैली में धनबाद के साथ सभी जिलों से हजारों की संख्या में युवा रांची पहुंचेंगे.

**आदिवासी नेता के नाम पर आदिवासी को ही ठग रहे :** विधायक राज सिन्हा ने कहा कि हेमंत सोरेन आदिवासी नेता होने का दावा करते हैं. लेकिन इनके राज में सबसे ज्यादा प्रताड़ित आदिवासी ही हुए हैं. संध्या टोप्पो की हत्या कर दी गई लेकिन सरकार ने कुछ नहीं किया. हजारीबाग में जानबूझकर एक आदिवासी गार्ड के भरोसे हत्यारे कैदी को छोड़ दिया गया. हेमंत सरकार तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है. उन्होंने कहा कि ऐसा कोई सगा नहीं जिसे हेमंत सोरेन ने ठगा नहीं. प्रेस वार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष श्रवण राय, महामंत्री मानस प्रसून, उपाध्यक्ष वीरेंद्र हांसदा, जिला मंत्री पंकज सिन्हा एवं युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नित्यानंद मंडल मौजूद थे.

# मैथन थर्मल विस्थापित समिति ने 11 सूत्री मांगों का ले सौंपा ज्ञापन

## मांगें नहीं माने जाने पर आंदोलन शुरू करने की चेतावनी



संवाददाता। निरसा

मैथन थर्मल विस्थापित स्थानीय समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को एमपीएल के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी से मुलाकात कर 11 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा. प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व समिति के अध्यक्ष अशोक मंडल ने किया. मांगों में बोनस 8.33 % से बढ़ाकर 25 % करने, कालीचरण हेंब्रम और विश्वेश्वर मूर्मू के आश्रितों को नियोजन देने, पीएपी एवं पीएलपी बढ़ोतरी समेत अन्य मांगें शामिल हैं. प्रतिनिधिमंडल ने कार्यपालक पदाधिकारी से कहा कि मांगें नहीं माने जाने पर समिति आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी. प्रतिनिधिमंडल में गोविंद चौबे,गौतम राय, गणपति टुडू, मंगल मंडल, राकेश तिवारी, सोमनाथ तिवारी, अजीत पंडित, सपन लोहार, श्याम सुंदर कुंभकार, सुशांतो लोहार, फारूख अंसारी समेत अन्य शामिल थे.

# बाजार समिति में लिट्टी-चोखा पार्टी

संवाददाता। बरवाअड्डा



धनबाद जिला खाद्यान्न व्यवसायी संघ मंगलवार को बाजार समिति प्रांगण में लिट्टी चोखा जलेबी पार्टी सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया. मिलन समारोह की अध्यक्षता जिला खाद्यान्न व्यवसायी संघ के अध्यक्ष बिनोद गुप्ता ने की. कार्यक्रम का संचालन विकास कांधवे ने किया. समारोह में 56 चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्षों को आमंत्रित किया गया. समारोह में अधिक से अधिक अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष शामिल हुए. लिट्टी चोखा जलेबी के बहाने आगामी 22 अगस्त को फेडरेशन ऑफ धनबाद जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स के होने चुनाव पर चर्चा की गई. व्यवसायी संघ के अध्यक्ष गुप्ता ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि व्यापारियों के सुख-दुख में शासन प्रशासन से बातों को रख सके और व्यापारियों के हित में रात दिन खड़े होकर मदद करने वाले प्रत्याशी को मतदान करने की अपील की. मौके पर गौरव गर्ग, जीतेंद्र अग्रवाल, अजय बंसल, दीपू कटेसरिया, हेली सिंह, विनय अग्रवाल, राजेश गुप्ता, राजेश मधेशिया, दिलीप कुभीति, हरिश गंगवानी, उपेंद्र, हीरालाल शर्मा, सुनील पांडेय, बिट्टू लाडिया, शैलेश सिंह, अभिषेक विश्वकर्मा, विजय लौहानी समेत दर्जनों व्यापारी व चेंबर के अधिकारी उपस्थित थे.

## अखंड हरि कीर्तन का समापन, सांसद ढुल्लू महतो हुए शामिल



**कतरास।** झींझी पहाड़ी बस्ती स्थित बूढ़ा बाबा मंदिर प्रांगण में सावन पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित अखंड हरि कीर्तन मंगलवार को हवन के साथ संपन्न हो गया. समापन कार्यक्रम में सांसद ढुल्लू महतो सहित आसपास के लोग शामिल हुए. पंडित अशोक पांडेय ने हवन कराया. हवन के बाद आरती की गई. इसके बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया. मौके पर आकाश महतो, सुरेश महतो, अर्जुन महतो, मुकेश कर्मकार, रिंटू महतो, टार्जन राय, लालदेव बाबा, बालखीरा यादव, विश्वनाथ यादव, सोबू कुम्हार समेत बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे.

# हेमंत सरकार राज्य के युवाओं को दिया धोखा : अपर्णा सेनगुप्ता



**खास बातें**

- 23 को रांची में युवा आक्रोश रैली

संवाददाता। निरसा

निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने कहा कि हेमंत सरकार ने राज्य के युवकों को धोखा दिया है. इस सरकार की युवा विरोधी मानसिकता के कारण झारखंड के युवकों का भविष्य अंधकारमय हो गया है. हेमंत सरकार के खिलाफ 23 अगस्त को रांची में युवा आक्रोश रैली होगी, जहां सरकार को हटाने का संकल्प लिया जाएगा. उक्त बातें उन्होंने मंगलवार को गोविंदपुर में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल के कार्यालय में पत्रकारों से कही. भाजपा ग्रामीण के जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर ने कहा कि आक्रोश रैली में ग्रामीण क्षेत्र के 5 हजार कार्यकर्ता भाग लेंगे. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था. हर वर्ष 5 लाख युवाओं को नौकरी देने की भी बात कही थी. इस सरकार ने ये वादे पूरे नहीं किए. भाजयुमो जिलाध्यक्ष मनीष साव ने कहा कि रैली की तैयारी युद्ध स्तर पर की जा रही है. मौके पर सिंदरी विधायक की पत्नी तारा देवी, जिला महामंत्री निताई रजवार एवं मनोज मिश्रा, मीडिया प्रभारी रतिरंजन गिरि, ओम प्रकाश बजाज, तालेश्वर साव, दिनेश मंडल, बमबम साव, कीरिटी भूषण रूज, शिबू मंडल, गोपाल पाल समेत अन्य भाजपा नेता उपस्थित थे.

# आसनसोल

## महिला चिकित्सक के साथ हुए दुष्कर्म, हत्या के विरोध में प्रदर्शन

# महिला सुरक्षा की मांग को लेकर निकाली रैली

संवाददाता। रानीगंज




कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला ट्रेनी चिकित्सक के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या के प्रतिवाद में रानीगंज के नागरिकों ने आईएमए के बैनर तले एक रैली निकाली. इस रैली में विभिन्न व्यावसायिक संगठनों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित थे. रैली शिशु बगान मोड़ से आरंभ हुई और नेताजी सुभाष स्टैचू के पास समाप्त हुई. रानीगंज चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष अरुण भरतीया ने कहा कि यह किसी डॉक्टर का मामला नहीं है, यह समाज का मामला है और एक महिला को इंसाफ दिलाने के लिए हम सड़कों पर उतरे हैं. जब तक सभी दोषियों को उचित सजा नहीं मिल जाती, तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा. इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के रानीगंज शाखा के अध्यक्ष डॉक्टर चैताली बसु ने कहा कि यह किसी एक महिला डॉक्टर का विषय नहीं है, यह महिलाओं की सार्विक सुरक्षा का मामला है. उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर पेशे में हैं और उनकी सुरक्षा सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है.प्रख्यात चिकित्सक डॉ एस के बासु ने कहा कि कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ जो घटना घटी, उसकी जितनी निंदा की जाए, कम है. उन्होंने कहा कि महिला डॉक्टर को इंसाफ दिलाने और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह रैली निकाली गई है. उन्होंने इस घटना में पुलिस की भूमिका की कड़ी निंदा की और कहा कि पुलिस द्वारा इस मामले को दबाने की पूरी कोशिश की गई थी.

# भूख हड़ताल पर बैठेगी 74 साल की वृद्ध महिला

संवाददाता। बराकर



रामनगर कोलियरी द्वारा 15 वर्ष पूर्व जमीन अधिग्रहण के बावजूद मुआवजा और नौकरी नहीं देने के विरोध में 74 वर्षीय विधवा छबि पाल आज भूख हड़ताल पर बैठेंगी. सैल आईएसपी रामनगर कोलियरी प्रबंधक सीजीएम को 16 जुलाई को पत्र के माध्यम से जानकारी दी गई थी. तृणमूल जिला के चेयरमैन उज्ज्वल चटर्जी और जिला अध्यक्ष नरेन चक्रवर्ती ने भी इस मामले में सहयोग देने की बात कही थी. बैठक में प्रबंधन ने साफ तौर पर कहा कि मामला 15 वर्ष पुराना होने के कारण कोई लिखित जानकारी नहीं दी जाएगी. प्रतिनिधि सदस्यों ने विरोध किया और बैठक बिना किसी फैसले के स्थगित हो गई. सभी ने निर्णय किया कि अब धरना प्रदर्शन के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं है.

## अंतिम सोमवारी को भगवान भोलेनाथ का अद्भुत श्रृंगार

**बराकर।** सावन मास के अंतिम सोमवारी को बाबा भोलेनाथ का अद्भुत श्रृंगार किया गया. इस संबंध में बताया जाता है कि पूरे सावन मास में शिव भक्त भगवान भोलेनाथ की भक्ति में सराबोर होकर भिन्न-भिन्न तरह के धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन करते हैं. सबसे पहले भगवान भोलेनाथ का विधिवत पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया जाता है. इसके पश्चात संध्या के समय भगवान भोलेनाथ का अद्भुत श्रृंगार किया जाता है . जिसका दर्शन करने के लिए भक्तों की भारी भीड़ मंदिर परिसर में पहुंचती है . इसी क्रम में बराकर शहर के बैगुनिया स्थित प्राचीन सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर में जलाभिषेक के पश्चात सोमवार की शाम तथा सावन की अंतिम सोमवारी को भोलेनाथ का अद्भुत श्रृंगार किया गया.

# आसनसोल-पुरुलिया मुख्य सड़क पर बने गड्ढे से यात्रियों को परेशानी

संवाददाता। सांकतोड़िया



आसनसोल-पुरुलिया मुख्य सड़क पर डिसरगढ़ से नियामतपुर के बीच कई जगहों पर सड़क की हालत खराब हो गई है, जिससे आवागमन मुश्किल हो गया है. सड़क पर कई जगह छोटे-बड़े गड्ढे बन गए हैं. जानकारों का कहना है कि यह काफी व्यस्त सड़क है, जिससे कार्यालयों, फैक्ट्रियों, स्कूलों, बाजार आदि जाने वाले यात्रियों, मालवाही वाहनों का आना-जाना लगा रहता है. इस सड़क पर डिसरगढ़ नदी घाट से राधानगर के बीच सुभाष सेतु, स्कूल मोड़, डिसरगढ़, हुसेनिया मोड़, पानक्यारी, शीतलपुर सहित कई स्थानों पर सड़क टूटकर बिखर गई है. उस पर छोटे-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिनमें वर्षा का जल भर गया है, आने-जाने वालों को कष्टों का सामना करना पड़ रहा है. पेशे से शिक्षक मो कासिम का कहना है कि पता नहीं बनाने के बाद सड़कें कैसे इतनी जल्दी टूटकर बिखर जा रही हैं. इससे वाहनों का आवागमन कष्टदायक हो रहा है. इतनी जल्दी टूट जाने से इनके निर्माण में व्यवहृत पत्थर जैसे प्राकृतिक संसाधनों का नुकसान हो रहा है, जो बाद में इनकी कमी पर भी सवाल खड़े करेंगे. निवासी सांकतोड़िया बाजार के सहदेव ठाकुर का कहना है कि इस रास्ते से स्थानीय और लंबी दूरी तक के यात्री वाहनों का आना-जाना लगा रहता है. सड़क की अवस्था जर्जर होने के बावजूद भी अधिकांश वाहन तेजी से गुजरते हैं, विशेषकर दोपहिया वाहन. ऐसा लगता है जैसे ये तुरंत उड़कर गंतव्य तक पहुंचने को आतुर हैं लोग. हमें तो साइकल चलाने में भी डर लगता है. निवासी सांकतोड़िया की शिक्षिका रानी खातून कहती हैं कि सड़क की हालत इतनी खराब हो गई है कि दोपहिया पर बैठकर जाने भी डर लगता है. टेंपो, टोटो या मिनी बसें हिचकोले खाती चलती हैं. डर लगता है कहीं पलट न जाएं. जबकि अभी वर्षा खत्म होने में काफी समय है. वर्षा ऋतु खत्म होते होते तो सड़क का अता-पता ही नहीं रहेगा. सरकार को मजबूत सड़क बनाने पर ध्यान देना चाहिए. इसके निर्माण सामग्री की गुणवत्ता अच्छी हो, तभी सड़क जल्दी नहीं टूटेगी.

# भाजपा नेता ने महिला सुरक्षा के लिए हेल्पलाइन किया नंबर लॉन्च

संवाददाता। बराकर

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के आर्जीकर अस्पताल मे हुई महिला चिकित्सक के साथ रेप और हत्या की घटना के बाद आज पुरे देश मे मृत महिला चिकित्सक व उसके परिजनों को न्याय दिलाने के लिये आंदोलन चल रहा है. जिस आंदोलन की आवाज विदेशों तक देखी जा रही है यही कारण है की विदेशों मे भी लोग घटना को लेकर अपना प्रतिवाद जता रहे हैं. ऐसे मे सोमवार को भाई बहनो के पवित्र त्योहार रक्षा बंधन के मौके पर भाजपा के राज्य स्तरीय नेता कृषनेन्दु मुखर्जी ने शिल्पाँचल की महिलाओं की सुरक्षा व उनके अधिकार के लिये कमर कस ली है और एक प्रहरी के नाम से ऐप लॉन्च किया है साथ मे दो हेल्फलाईन नंबर भी जारी किया है. जो 9144499908, 9144499909 इस प्रकार है. कृषनेन्दु मुखर्जी ने एक संवाददाता सम्मलेन का आयोजन कर यह कहा की जिस राज्य मे वहाँ की सत्ताधारी पार्टी की सरकार महिलाओं की सुरक्षा व उनके अधिकार के मामले मे विफल हो जाती है. वहाँ राज्य की माता और बहनो की सुरक्षा के लिये हमारे जैसे भाई और बेटा को ही उनकी सुरक्षा मे उतरना होगा. इसी उपदेशय से बिना किसी पार्टी के बैनर तले यह ऐप और हेल्फलाईन नंबर जारी किया गया है. जिस ऐप और हेल्फलाईन नंबर के जरिए वह विपद मे फंसी अपनी माता और बहनो की अविलम्ब सुरक्षा उपलब्ध करवाने का प्रयास करेंगे. उन्होने कहा महिला सुरक्षा को लेकर बनाई गई इस ऐप और टीम मे हमारे जैसे कई भाई एक वोलेंटियर के तरह कार्य करेंगे और वह अपने - अपने इलाकों की माताओं और बहनो की सुरक्षा व उनका अधिकार दिलाने मे अपनी अहम् भूमिका भी निभाएंगे.

## बराकर में डेंगू के प्रति जागरुकता अभियान

**बराकर।** कुल्टी में डेंगू को लेकर आसनसोल नगर निगम की ओर से कुल्टी के विभिन्न इलाकों में झाड़ियों की सफाई की जा रही है. स्थानीय पार्षद व नगर निगम के बोरो चेयरमैन चैतन्य मांझी ने बताया कि बारिश के दिनों में डेंगू जैसी मच्छरों से खतरनाक बीमारी होने की आशंका बनी रहती है. इसे देखते हुए आसनसोल नगर निगम के मेयर विधान उपाध्याय ने डेंगू के प्रति आइसीडीएस के महिला कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया है. इसके अलावा प्रत्येक वार्ड के विभिन्न इलाकों में झाड़ियों की कटाई करने का निर्देश दिया गया है. जिसे लेकर वार्ड पार्षद के नेतृत्व में झाड़ियों की कटाई की जा रही है. ताकि डेंगू जैसी बीमारी न फैल सके. चैतन्य मांझी ने कहा कि बोरो संख्या नौ के अंतर्गत विभिन्न वार्ड में नगर निगम कर्मियों द्वारा झाड़ियों की कटाई युद्ध स्तर पर की जा रही है.

# अंजुमन उर्दू प्राइमरी स्कूल को तोड़कर बनाया फ्लैट

**खास बातें**

- सब्जी बेचने को मजबूर है शिक्षक
- 1986 में बना था स्कूल
- स्कूल के बंद होने से शिक्षा से वंचित हुई 50 छात्राएं

संवाददाता. बराकर







पश्चिम बंगाल के आसनसोल कुल्टी विधानसभा के वार्ड 65 के मजिदिया पार्क इलाके में स्थित 1986 में बना अंजुमन उर्दू प्राइमरी स्कूल इलाके के ही रहने वाले कुछ दबंगों और सुधखोरों की बलि चढ़ गया और स्कूल को तोड़कर वहाँ एक फ्लैट बना दिया गया. स्कूल टूटने से स्कूल में पढ़ने वाले करीब 50 छात्र और छात्राएं शिक्षा से वंचित हो गए. वहीं स्कूल में छात्रों को होनहार बनाने वाले करीब पाँच शिक्षक सड़क पर आ गए. उन्होंने स्कूल को बचाने के लिए इलाके के लोगों के साथ-साथ इलाके के कई नेताओं और पुलिस प्रशासन तक मदद की गुहार लगाई, पर उनके हाथ विफलता के अलावा और कुछ नहीं लगी. ऐसे में स्कूल के शिक्षकों का मन कुछ इस कदर टूटा कि उनको स्कूल और शिक्षक के नाम से ही नफरत हो गई और उन्होंने अपनी किस्मत अन्य क्षेत्रों में तलाशनी शुरू कर दी. जिनमें से कुछ शिक्षक तो इलाका ही छोड़ दिया तो कुछ ने अपना खुद का बिजनेस शुरू कर दिया. जिन शिक्षकों में से एक मुस्ताक अहमद कुलटी बाजार में सब्जी बेच रहे हैं और अपनी और अपने परिवार की भरण-पोषण भी कर रहे हैं. मुस्ताक अपने इस धंधे से बहुत खुश हैं, वह कहते हैं बाजार में उनको लोग सब्जी वाला नहीं बोलता, लोग उनको मास्टर साहब कहकर बुलाते हैं, साथ में उनको बहुत इज्जत भी देते हैं. वह कहते हैं उनको यह पेशा अच्छा नहीं लगता पर मजबूरी है उनको खुद का और अपने परिजनों का पेट चलाने के लिए और कोई रास्ता नहीं है.

मुस्ताक यह कहते हैं कि वह अपनी जीवन की यह असफलता ताउम्र नहीं भूल पाएंगे, मुस्ताक को अब भी यह उम्मीद है कि अगर सरकार चाहे तो वह स्कूल दोबारा खुलवा सकती है, पर वह दिन कब आएगा यह एक सपने से कम नहीं है. वहीं इस मामले में इलाके के पूर्व तृणमूल पार्षद अख्तर हुसैन ने स्कूल को दोबारा बनवाने के लिए इलाके के दबंग सुधखोरों के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है और मामले में पुलिस प्रशासन से लेकर जिला प्रशासन व आसनसोल नगर निगम तक को लिखित शिकायत की है और यह आरोप लगाया है कि जिस जगह पर फ्लैट बनाई गई है, वहाँ पहले से एक स्कूल था, जिस स्कूल में करीब 50 छात्र और छात्रा पढ़ते थे, जिनको इलाके के पाँच शिक्षक अच्छी तालीम देते थे.

